>

Title: Need to establish Eklavya Adarsh Awasiya Vidyalaya in each block of Bastar Parliamentary Constituency, Chhatisgarh -laid.

श्री दीपक बैज (बस्तर): छत्तीसगढ़ राज्य का बस्तर संसदीय क्षेत्र नक्सल प्रभावित व आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है, जिसमें 7 जिले व 32 ब्लॉक शामिल है । बस्तर क्षेत्र आदिवासी क्षेत्र होने की वजह से शिक्षा के क्षेत्र में काफी पिछड़ा हुआ है । शिक्षा जगत में केन्द्र सरकार द्वारा आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े क्षेत्रों के लिए उच्च स्तरीय शिक्षा हेतु एक वरदान साबित हो रहा है। वर्तमान में बस्तर संसदीय क्षेत्र में सिर्फ 13 ब्लॉक में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय संचालित है। इस क्षेत्र के शेष 19 ब्लॉकों में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय नहीं होने के कारण इसका लाभ इन 19 ब्लाकों में रह रहे बच्चों को नहीं मिल पा रहा है । अतः केन्द्र सरकार से मेरी मांग है कि नक्सल प्रभावित बस्तर संसदीय क्षेत्र के शेष 19 ब्लॉकों में भी एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अविलम्ब खोला जाये जिससे इस आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के बच्चों को उच्चस्तरीय शिक्षा मिल सके ।